श्री परमात्मा का अभिषेक–एक विज्ञान



ॐ अर्हं नमः।

लेखक-संपादक

मुनि श्री जिनेशरत्नसागरजी म.सा.

सहायक

मुनि श्री वीरेशरत्नसागरजी म.सा.

श्री परमात्मा का अभिषेक-एक विज्ञान

प्रकाशक–प्राप्ति स्थान

जयपुर
श्री ललित जी दुग्गड़
lalitduggar_jaipur@yahoo.com

इंदौर
श्री वीरेन्द्र कुमार बग
Savarn Vatika Society, Pipaliyana Road
Near Tilak Nagar, Indore-452018

मुम्बई
श्री हीरेन अ. शाह
Niranjan Nivas, Gr & 1. 8, Dubhash Lane,
V.P. Road, Mumbai - 400004
hirrenshah@gmail.com

जयपुर
श्री अनिलजी बैद
Devashish, Uniara Garden, Pushpa Path,
Moti Dungri Road, Jaipur - 302004
baidanil@gmail.com

मध्य प्रदेश
संजय छजेड़
Anand Dham, Tirth Gasohi,
Distt. Mandsaur, Madhya Pradesh
Mob.: 9098377889

प्रकाशक :
आदिनाथ प्रकाशन
120-C, Jain Nagar, Meerut City- 250002
info@bhomiapublication.com
Ph.: 0121-2521074

श्री भोपावर तीर्थ मंडल
श्री शांतिनाथ भगवान

श्री भोपावर तीर्थ जीणों द्वारक
मालवभूषण महातपस्वी परमवारक
गुरुदेव प.पू. आचार्य श्री
नवरत्नसागर सूरी जी म.सा.

जिनके पावन प्ररेणा से पिछले लगभग दस से अधिक वर्षो से लगातार प्रतिदिन भगवान श्री शांतिनाथ प्रभु का 27 बार श्री संतिकर स्तोत्र के पाठ द्वारा जल एवं दूध के अखंड अभिषेक हो रहे हैं।

ॐ श्री पार्श्वनाथाय नमः

श्रद्धेय मुनिराज श्री जिनेश रत्न सागर जी महाराज एवं सहवर्ती मुनिजन। आप सबको खूब-खूब वंदन सुखसाता, खूब-खूब वंदन सुखसाता, वंदन सुखसाता।

विशेषः यह समाचार जानकर अत्यंत खुशी हुई कि आप श्री जी जिनेन्द्र परमात्मा के अभिषेक विधियों को प्रकाशित कर रहे हैं। इस प्रकाशन से अनेक लाभ होंगे। अभिषेक प्रक्रिया के अनुभव आप श्रीजी ने जो ओस्त्रा में हम मुनियों को सुनाए थे, तब से इच्छा थी कि यदि इन अनुभवों और विधियों का प्रकाशन हो जाए तो समाज के लिए एक नई दिशा बन जाएगी। स्त्रोत्रों, स्तुतियों, रासों एवं कई पुस्तकों में पढ़ते ही थे, अभिषेक की महिमा-जैसे कि :-

नृत्यंति नित्यं माणि पुष्प वर्ष्म, सृजन्ति गत्यंति च मंगलानि। स्त्रोमाणि गोत्राणि पठंति मंत्रान् कल्याण भाजो हि जिनाभिषेके ।बृहच्तान्ति।।

जो जिनेन्द्र परमात्मा के अभिषेक के समय मणि पुष्पादि बरसाते हुए विद्यावधे नृत्य करते हैं, मंगलचिन्हों को बनाते हैं, स्त्रोत्र और मंत्र बोलते हैं, अपने गोत्र बतलाते हैं वे जीव निश्चित ही कल्याण के भागी होते हैं। अर्थात् पुण्य बांधने एवं भोगते हुए मोक्ष स्थिति को प्राप्त करते हैं। एव अन्य गाथा लिखना उचित मानता हूँ।

येषाअभिषेककर्म कृत्वा मत्रा हर्षकरात् सुखम् सुरेन्द्राः तृणमापि गणवन्ति नैव नाकं, प्रातः सन्तु शिवाय ते जिनेन्द्राः।

जिनका अभिषेक करके हर्ष से मंत्र बने हुए देवेन्द्रादि स्वर्गीय सुख को तिनके जैसा - तुच्छ मानते हैं ऐसे जिनेन्द्र परमात्मा प्रातःकाल में अपने कल्याण के लिए हैं। आदि।

ऐसे तो अनेक पद हैं। आत्म कल्याण का कारण है जिनेन्द्र परमात्मा का अभिषेक। इतना ही नहीं, रोग, शोक, भय, कष्ट निवारण है जिन अभिषेक।

श्रीपाल और मयणासुंदरी की नहति/न्वांगी टीका का आचार्य श्री अभयदेव सूरीश्वर जी महाराज की कहानी आदि चरित्रकथाएं मात्र जिन अभिषेक के महत्त्व को ही बतलाती हैं।

आचार्य श्री मानदेव सूरीश्वर जी महाराज द्वारा परिचित लघु शांति वे साथ जिनेन्द्र परमात्मा का अभिषेक दैविक उपद्रवों के नाश का कारण बन गया वैसे ही आप श्री जी के द्वारा नानाविधि लिखित, उद्धृत स्त्रोत्रों एवं मंत्रों पूर्वक अभिषेक मंगलकारी एवं संकटहारी साबित होगा यह विश्वास है।

आप श्री जी ने यह कार्य किया यह एक नई विद्या है। इसके लिए हमारी मंगलकामनाएं स्वीकारें।

इस पुस्तक के मुद्रण का लाभ गुंजरानवालीय श्रीमान् शांतिलाल जी खिलौने वालों ने लिया है यह भी उन्होंने बहुत-बहुत अनुमोदनीय कार्य किया है। वे जो जिनेन्द्र भक्त हैं त्यों ही गुरुभक्त हैं। गुरुभक्ति के रूप में दिल्ली स्मारक पर किया कराया काम हमेशा स्मार्य है त्यों ही यह कार्य उनकी जिन भिक्ति का साक्ष्य रहेगा। उन्हें भी इस कार्य के लिए आशिष।

धर्मधुरंधर सूरीजी म.सा.

तपस्वी साधक प.पू. जिनेशरत्नसागरजी म.सा. की तपोगाथा

प.पू. आचार्य नवरत्नसागरसूरि जी म.सा.
के शिष्य मुनि श्री जिनेशरत्नसागर जी म.सा.

68	उपवास	संलग्न
52	उपवास	संलग्न
45	उपवास	संलग्न
42	उपवास	संलग्न अभिग्रह पूर्वक
32	उपवास	2 बार
22	उपवास	6 बार
16	उपवास	2 बार
8	उपवास	9 बार
68	बेले बेले	
44	बेले बेले	
44	तेले	
44	बेले	

वर्षीतिम बेले से
वर्षीतिप छः विगय त्याग से मौन पूर्वक
आजीवन छः विगय का त्याग

सरल स्वभावी–स्वाध्याय प्रेमी
मुनि श्री वीरेशरत्नसागरजी
म.सा.

मुझे हर्ष है कि आज शांती लाल जी "खिलौने वाले" दिल्ली निवासी ने मेरे ग्रन्थ समान 'श्री परमात्मा का अभिषेक–एक विज्ञान' के प्रकाशन का लाभ लिया है ।

सुप्रसिद्ध उद्योगपति होते हुए भी आप सादा जीवन, उच्च विचार के प्रतीक हैं। सरलता, सादगी और संयम आपके जीवन की त्रिवेणी है। आप न केवल धर्म प्रेम से ही ओतप्रोत हैं बल्कि जन सेवा में भी आपकी असीम निष्ठा है सामुहिक यात्राओं के दौरान आपने अपने सामान को स्वयं उठाना, सभी सहधर्मी भाईयों की सुख सुविधा का ध्यान रखना एवं उनको भोजन कराने के बाद फिर स्वंय भोजन करना ये सभी बातें आपके समाज सेवी होने का ज्वलन्त प्रमाण है। आपने अपने साधार्मिक व अन्य भाई बहनों की हमेशा प्राकृतिक तरीके से जीवन को कैसे स्वस्थ रखना चाहिए की प्रेरणा दी है तथा सभी के सुख दुख में शामिल हुए है। आपने अपने पिता जी के एक वचन "किसी भी संयम, प्रेमी, साधू–साधवी की गोचरी का लाभ लेना अत्यन्त लाभकारी है" को बांध लिया अपने जीवन में और जिस प्रकार आपने अपने जीवन में व्यावच किया वो अनुमोदनिये है। आपने किसी भी समुदाय में भेदभाव ना रख कर हर साधू साधवी के मां–बाप बनकर जो सेवा की है, वह सेवा जो उन साधू साधवियों के दिलों में बसी हुई है और स्मरण करने पर वे भूरी भूरी अनुमोदना करते हैं।

मेरी दिक्षा से पहले मेरा जो विहार जम्बु विजय महाराज जी के साथ में एक वर्ष तक रहा उस समय पर उत्तर भारत में विहार करते हुए जम्बु विजय महाराज जी के सामने स्वास्थ्य व परिवाहन व अनेक समस्याओं पर आप तुरन्त समक्ष हो जाते थे और जब आप उनकी सारी समस्याओं का निवारण कर देते थे तो उन्होंने आपको एक उपाधी दे दी "संकट मोचन शांतीलाल जी"।

आप अपने जीवन में केवल धनोपार्जन को अधिमान न देकर जनसेवा धर्म परायणता और सहधर्मी – उत्थान को महत्वपूर्ण समझा है। आप में धार्मिक भावना कुट – कुट कर भरी है। आपका तन–मन–धन से वल्लभ स्मारक, कांगड़ा तीर्थ, श्री आत्मानन्द जैन हाई स्कूल अम्बाला, आत्मानन्द जैन सभा रूप नगर, आत्मानन्द जैन सभा रोहिणी को दिया गया योगदान को नहीं भुलाया जा सकता जो कि अनुमोदनीय है। वल्लभ स्मारक के प्रारम्भ के निर्माण के समय में जब आप किसी भी पद पर नहीं थे फिर भी आपने कर्मचारियों की एक्सीडेंट (Accident) होने पर उनकी चिकित्सा करने का जो योगदान दिया व निर्माण का कार्य रूक ना जाये इस पर तत्पर रहे थे और 12 वर्ष का बहूमुल्य समय आपने उस तीर्थ पर समर्पण किया जो सदाकाल याद रहेगा।

सन् 1973 में आपके औद्योगिक संस्थान में आग लग गई थी सब कुछ जलकर राख हो गया था यहाँ तक कि जीवन यापन करने को भी आपके पास कुछ ना बचा उस समय परम विदुषी महतरा साध्वी श्री मृगावती जी महाराज के चरणों में आप उपस्थित हुए और उनके मुख से निकले शब्दों में "सुन्दरम अति सुन्दरम, एक परिवार नष्ट होने से बच गया है आपका भविष्य और भी उज्जवल होगा" महतरा साधवी जी के शब्द अक्षरशः सत्य सिद्व हुए। आपके जीवन का लक्ष्य जितनी मेहनत करो उतना फल पाओ ही आपके उद्योग को खिलौने के व्यापार में सारे देश में अब्बल नम्बर पर लेकर गया है। जिसमें आपने अपने ही देश के ही बनाये खिलौनों का व्यापार किया और कितने ही फैक्टरियों और लोगों को रोजगार दिलवाया जो कि आज भी आपको हृदय से स्मरण करते हैं।

मेरा विश्वास है कि आप जैसे धर्मानुरागी और महान व्यावचकर्ता भक्त का आशीर्वाद और मार्ग दर्शन दूसरे श्रावक और श्राविकाओं को वरदान सिद्ध होगा।









विषय सूची

1.	मानव विकास का आधार	2
2.	जल अभिषेक का महत्व	3
3.	अभिषेक में गाय के दूध का महत्व	6
4.	शाश्वत आचार अभिषेक निधान की प्राचीनता	8
5.	स्नात्रमहोत्सव में परमात्मा के जन्म कल्याणक महोत्सव का वर्णन	9
6.	इन्द्रादिक द्वारा भगवान का जन्माभिषेक	13
7.	अभिषेक के प्रभाव	17
8.	अभिषेक विधि	21
9.	परमात्मा स्तुति	22
10.	श्री वज्रपंजर स्तोत्रम्	24
11.	क्षिपऊँस्वाहा।	24
12.	संकल्प	25
13.	अथ श्री सिद्धचक्र दंडक	26
14.	श्री 24 तीर्थंकर विद्या	29
15.	श्री सिद्धसेन दिवाकरसूरि विरचित -श्री शक्रस्तव-	39
16.	भक्तामर सूत्र	42
17.	श्री पार्श्वनाथस्य मन्त्राधिराज स्तोत्रम्।	46
18.	श्री सर्वकार्य सिद्धिायक श्री शान्तिधारा पाठः।	51
19.	श्री चिन्तामणि पार्श्वनाथ स्तोत्रम्।	54
20.	प्राचीनतम स्तोत्रमिदं श्री पार्श्वनाथस्य	56
21.	श्री पार्श्वनाथ जिनेन्द्र स्तोत्रम्।	58
22.	श्री चिंतामणि पास स्मरण	59
23.	श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ स्तोत्रम्।	61
24.	श्री पार्श्वनाथ स्तोत्रम्।	62
25.	अथ श्री शान्ति दंडक।	63
26.	बृहत्शान्ति स्तोत्रम्	66
27.	श्री वसुधारा पाठ	69
28.	श्री अरिहंत प्रभूजी के 1008 नाम	73

मानव विकास का आधार

मानव विकास का आधार तीन बाबतों पर निर्भर करता है, यन्त्र-मन्त्र और तन्त्र। मंदिर का जो शिल्प है वह यन्त्र है, स्तुति या प्रार्थना जो है वह मन्त्र है और परमात्मा का अभिषेक केशर, चंदन पूजा या विलेपन आदि जो क्रिया है वह तन्त्र है। कोई भी दो द्रव्य मिलने से उसमें रासायनिक प्रक्रिया होती है और फलस्वरूप गुणधर्म में परिवर्तन होता है। इसीलिये विविध देशी जडी बूटियों से मिश्रित जल (अनेक नदियों एवं विविध कूप से प्राप्त) से परमात्मा का अभिषेक का आग्रह होता है। कोई भी नये या पुराने अपूजित प्रतिमा यन्त्र आदि को प्रतिष्ठित करने से पहले अभिषेक का विधान महत्वपूर्ण है। निश्चित रूप से हमारे पूर्वजों को इस सभी बातों का सम्पूर्ण ज्ञान था साथ में उनके पास आध्यात्मिक दृष्टि भी थी इसीलिये वे ऐसी रचना और विधि दे पायें कि जिससे जीव मात्र का कल्याण हो लेकिन नुकशान कदापि न हो, और हमें निर्दोष अहिंसात्मक ऊर्जा की प्राप्ति हुई। अतः विविध प्रकार के तीर्थादि के जल अभिषेक से विघ्नों और अशुचि का नाश होता है, और दूध के अभिषेक से आरोग्य, ऐश्वर्य, यश लाभ में वृध्धि होती है।

नृत्यन्ति नृत्यं मणि पुष्प वर्षं, सृजन्ति गायन्ति च मंगलानि,
स्तोत्राणि गोत्राणि पठन्ति मन्त्रान, कल्याण भाजो हि जिनाभिषेके।

बड़ी शान्ति का पाठ हम हमेशा शुभ कार्यों में एवं खास करके स्नात्र के बाद जरूर करते हैं, जिसको शान्ति कलश भी कहते हैं। उसमें परमात्मा के अभिषेक का स्थान, विधि, महत्व और अभिषेक द्वारा विघ्नों का नाश एवं तुष्टि-पुष्टि, ऋद्धि-वृद्धि, शान्ति और मांगल्य का कारक बताया है। उसी स्तोत्र की 18वीं गाथा में अभिषेक का वर्णन करते हुए लिखा है- नृत्य, मणियों आदि की वर्षा, पुष्पवृष्टि, शंखनाद, घंटनाद, विविध प्रकार के वाजिंत्र नाद, मंगलगीतगान, प्रभावी स्तोत्र पाठ एवं मन्त्रोच्चार सहित किया गया जिनेश्वरदेव का अभिषेक महाकल्याणकारी है।

जैन परंपरा में तीर्थंकर परमात्मा के जन्म के बाद जब 56 दिक्कुमरी द्वारा भगवान और उनकी माता के शुचि कर्म के तुरन्त बाद परमात्मा को खुद इन्द्र महाराजा अपने कर कमलो में लेकर मेरू पर्वत पर ले जाकर अभिषेक विधान का आयोजन करते हैं। यह कलश देवताओं की मदद से आठ प्रकार के कलशों, हीरा, मानिक, सुवर्ण, रोप्य, मिट्टी आदि द्रव्यों से बना हुआ होता है जो कि 25 योजन ऊँचा और 12 योजन चौड़ा तथा विशाल होता है। ऐसे एक कोटि साठ लक्ष की संख्या में क्षीर समुद्र के जल द्वारा परमात्मा का अभिषेक होता है। क्योंकि वहाँ पर क्षीर समुद्र का जल ही सर्वश्रेष्ठ माना गया है।

इतनी विशाल जल राशि और तुरन्त कर जन्मा बालक एवं मेरू पर्वत जैसा स्थान आपको जरूर संशय में डालता होगा, और संशय होना स्वाभाविक भी है, ऐसा ही संशय खुद इन्द्र महाराजा को भी हुआ था और भगवान ने उनकी शंका का निराकरण अपनी शक्ति का परिचय देते हुए सिर्फ अपने पैर के अंगूठे को हिलाते ही मेरू पर्वत के साथ सारी सृष्टि को कंपायमान किया था। शास्त्रों में भगवान के बल का वर्णन अनन्त बताया है।

लेकिन यहाँ पर याद रहे कि अनन्त शक्ति के स्वामी तीर्थंकर परमात्मा के इस साक्षात् अभिषेक में सिर्फ विशिष्ट शक्ति के स्वामी देवी-देवता ही शामिल हैं, किसी भी मानव का वहाँ पर अभिषेक करना तो दूर किन्तु देख पाना भी संभव नहीं है। वहाँ पर जाने योग्य न तो हमारे पास वैसा वैक्रिय धारी शरीर है और न ही शक्ति है। फिर हमारे मन में एक प्रश्न जरूर उठता है कि हम किस देवता के आचार का काल्पनिक अनुकरण कर रहे हैं। महाजनों येन गतः स पन्थाः ज्ञानिओं ने ऐसा किस आधार पर फरमाया, इसका आधार क्या हो सकता है, ये सब प्रश्न हमारे मन में उठने स्वाभाविक हैं।

जल अभिषेक का महत्व

पृथ्वी पर विविध प्रकार के जल स्थान और गुणों पर आधार के पाये जाते हैं।

जन्मन्यनन्त सुखदे भुवनेश्वरस्य, सुत्रामभिः कनकशैल-शिरः शिलायाम्।
स्नात्र व्यधायि विविधाम्बुधि-कूप-वापी-कासार-पल्वल-सरित-सलिलैःसुगन्धैः
तां बुध्धिमाधाय हृदीह काले, स्नात्रं जिनेन्द्रप्रतिमागणस्य। कुर्वन्ति लोकाः
शुध्धभावभाजो, महाजनो येन गतः स पन्थाः।

वापी-कुप-हृदा-म्बुधि-तडाग-पल्वल-नदी-निर्झरादिभ्यः। आनीतै-र्दिविमलजलै
स्तानधिकं पूरयन्ति च ते।

पानी के प्रकार : नादेय-औद्रिद-नैर्झर-ताडाग-वाप्य-कोप-चोणिट्य-पाल्वल
-विकिर-कैदार-इत्यादि

गंगा, सिन्धु, नर्मदा आदि नदियों के पानी नादेय जल कहलाते हैं।
अन्दरुनी जमीन फाड़कर बहते पानी को औद्रमिंद जल कहते हैं।
पर्वत जैसे ऊँचे प्रदेश से गिरते हुए जल को निर्झर जल कहते हैं।
पहाड़ों में रुककर बने हुए बड़े जलाशयों को सरोवर कहते हैं। इसे सारस जल भी कहते हैं।
जमीन पर मानव सृनित या कुदरती बने हुए जलाशयों को तडाग कहते हैं।
भूमि में अल्प विस्तार वाला गहरा मंडलाकृति वाले कूप के पानी को कोप कहते हैं।
जिस कूप में पगथी रहती है उसे वाव कहते हैं, उसके पानी को वाप्य जल कहते हैं।
जो कूप कुदरती बना हुआ एवं लताओं से आवृत हो उसे चुण्टि कहते हैं। उसके जल को चोणट्य कहते हैं।
छोटे तालाबों को पल्लव कहते हैं, उनके जल को पाल्लव कहते हैं।
नदी के रेत वाले पट में खुदाई कर जो जल प्राप्त होता है उसे विकिर जल कहते हैं।
खेतों में क्यारियों में जो जल संचित है उसे केदार जल कहते हैं।
इस तरह स्थान विशेष से पानी के नाम और गुणों में अन्तर पड़ता हैं।

सबसे अच्छा जल बरसाती माना गया है, दूसरे क्रम में नदी का, शेष जल क्रम से हैं।

पृथ्वी पर लगभग 70 भाग पानी है, और जीवन का मुख्य आधार पानी है।
हमारे शरीर में भी 70 भाग पानी है।

पानी में पारदर्शिता है।
पानी में सद्रुपता है।

पानी में मुख्य प्र रूप से शीतलता का अद्‌भुत गुण समाहित है। उबलता हुआ जल भी अग्नि को शान्त कर देता है।
शुचिता पानी का प्रमुख गुण हैं, इसीलिये अभिषेक एवं शारीरीक शुद्‌धि के लिये स्नान में उसका उपयोग होता है।

पानी स्फूर्तिदायक है इसीलिये श्रमहर उपायों में निद्रा, तन्द्रा इत्यादि के निवारण में जल को प्रमुख स्थान दिया है।

पानी मे सतत गतिशीलता का गुण भी उपलब्ध है।

इसमें गतिरोध तोड़ने की विशेष क्षमता, पाताल-पर्वत भेदकर अपना रास्ता बना लेता है।

जहाँ कहीं भी मूर्ति स्थापना है वहाँ पर दूध एवं पानी द्‌वारा अभिषेक विधान अवश्य पाया जाता है।

हिन्दू धर्म की परंपरागत विधि में हम पाते हैं कि शिवलिंग पर सतत जल द्‌वारा अभिषेक का विधान देखने में आता है। शिवलिंग का आकार और आज की आधुनिक ऊर्जा उत्पन्न करने वाली अणु भट्टी (न्यूक्लियर प्लांट) का आकार समान है, और गौर करने की बात यह है कि दोनों को ही सतत जल धारा की

आवश्यकता बताई गई है। इसके पीछे क्या कारण हो सकता है?यह भी आश्चर्य जनक और शोध का विषय है कि भारतवर्ष में 12 ज्योतिर्लिंग एवं 52 शक्तिपीठ क्या हैं? कहीं वह आधुनिक युग के अणु संयत्र और पावर हाउस का स्रोत तो नहीं है। पानी द्वारा ही इस शक्ति को नियंत्रित रखा जा सकता है। शक्ति के दो प्रकार होते हैं, दैविक और आसुरी । अगर उसे कन्ट्रोल नहीं किया गया तो शक्ति का रूपान्तर होने का खतरा बढ़ जाता है, जो विनाशकारी हो जाता है। हाल ही में हमने अनुभव किया कि जापान में सुनामी के कारण आवश्यक पानी न मिलने पर जीव जगत को कितना पारावार नुकसान झेलना पड़ा।

शास्त्रों में तीर्थों के जल का प्रभाव बताया गया है जैसे कहीं पर गजकुंड के जल का प्रभाव, तो कहीं पर पवित्र नदी के जल का प्रभाव, तो कहीं पर मंत्रित जल का प्रभाव, तो कहीं पर विशिष्ट ग्रहों की स्थिति आने पर अमुक नदी में स्नान और अभिषेक के प्रभाव के भी वर्णन मिलते हैं। जग प्रसिद्ध कुंभ मेले का आयोजन और स्थल इसी आधार पर होता है। आज प्रायः सभी जैन श्वेताम्बर मंदिरों में स्नात्रपूजा अवश्य होती है।

अभिषेक में गाय के दूध का महत्व

हे...दूधनी धारा शिर पर वहेती, थाये आखी पावन धरती;
जीव-अजीव ने जे शिव करती, सहुना मन वांछित पूरती।

भगवान का अभिषेक मेरू पर्वत पर क्षीर समुद्र के जल से होता है, क्षीर यानि दूध। दूध स्वरूप इस समुद्र के जल की एक बूँद भी शरीर को निरोगी बना देती है, ऐसा उसका गुण है।
इस लोक में प्रवाही में सर्वश्रेष्ठ अगर कोई प्रवाही है तो निःसंदेह वह गाय का दूध ही है।

गाय का दूध इस पृथ्वी पर अमृत है।

शरीर पुष्ट करने वाला, आरोग्य की रक्षा करने वाला, रोगों का प्रतिकारक तत्व दूध में ही मिलता है।

दूध को संपूर्ण आहार कहा गया है, तुरन्त जन्मे बच्चे से लेकर वृद्धजनों, बीमार आदि के लिये यह अमृत समान है।

सबसे महत्व की बात यह है कि जगत में जितने भी प्रवाही हैं वह स्वाभाविक उत्पन्न होते हैं, दूध की उत्पत्ति सिर्फ नारी जाति में ही होती है यह भी आचर्य की बात है कि प्रत्येक नारी में तो नहीं पर जो स्त्री मातृत्व धारण करती है उनके ही दूध उत्पन्न होता है। क्योंकि दूध वात्सल्य करूणा का प्रतिनिधि है। वात्सल्य प्रेम से भरपूर ऐसी करूणामूर्ति माँ का प्रेम दूध रूपी अमृत द्वारा बहता है।

हमारे तीर्थंकर परमात्मा के सभी जीव करूं शासन रसी की उत्कृष्ठ करूणाधारा से ओतप्रोत हैं इसीलिये उनके शरीर में लाल रक्त की जगह श्वेत खून बहता है! जो दूध का ही प्रतीक है। परमात्मा महावीर को जब चंडकोशीक सर्प डसता है तो खून के बदले दूध की धारा बहती है।

ऐसे करूणामूर्ति परमात्मा का अभिषेक करूणा और वात्सल्य के तत्वों से भरपूर ऐसे दूध से करने का सूचन क्षीर यानी दूध रूपी जल से करना बताया है।

करूणा के सागर परमात्मा का दुग्धाभिषेक करने वाले को शीघ्र आरोग्य, ऐचर्य और यश का लाभ करने वाला होता है ऐसा मेरा सैंकड़ों बार का अनुभव है। क्योंकि दूध में यह कुदरती गुण है।

इस चार्तुमास में 120 दिन परमात्मा के दूध अभिषेक! इससे बड़ा प्रमाण और क्या हो सकता है? निःसंदेह करूणासागर वात्सल्यमूर्ति परमात्मा का अभिषेक वात्सल्य और प्रेम का प्रतीक ऐसे दूध से ही करना उचित है।

शाश्वत आचार अभिषेक निधान की प्राचीनता

जम्बूद्वीप प्रज्ञप्ति सुत्र में मेघकुमार, नागकुमार आदि देवों द्वारा वृष्टि का वर्णन है। ज्ञाताधर्म कथांग सूत्र में सौधर्मेन्द्र देव से ही हुई वृष्टि का वर्णन है, राजप्रश्नीय सूत्र में समवसरण की रचना के लिये देवों द्वारा की हुई वृष्टि का वर्णन है। एक समय भगवान श्री महावीर विहार कर रहे थे, तब रास्ते में एक तिल का पौधा देखकर गौशालक ने पूछा कि यह पौधा उगेगा या नहीं, तब भगवान की सेवा में रहे हुए सिद्धार्थ नामक व्यन्तर ने कहा उगेगा और इसमें तिल भी उत्पन्न होंगे। उसका यह वचन मिथ्या करने के लिये गौशालक ने उस पौधे को उखाड़ फेंका। उस समय व्यन्तर देवों ने वहाँ पर जल की वृष्टि की, जिससे उस पौधे की जड़ कीचड़ में घुस जाने से वह उगा भी और तिल भी उत्पन्न हुए। उत्तराध्ययन सूत्र के हरिकेशीय अध्ययन में कहा है कि देवों ने सुगन्धी जल, पुष्प और वसुधारा की वृष्टि की और आकाश में दुंदंभि नाद करके अहोदानं ऐसी उद्घोषणा की। यहाँ देवादि उपलक्षण से योग के लब्धि के और महान तप के प्रभाव से भी वृष्टि होती है। इसलिये वृष्टि प्रयोगजन्य मानना प्रतती पवित्र होता है।

श्री भागवत् के पंचम स्कंध के चौथे अध्याय में कहा है कि भगवान श्री ऋषभदेव से स्पर्धा करके इन्द्र ने वर्षा न बरसाई तब ऋषभदेव भगवान ने अपने आत्मबल के योग से वर्षा कर अपना अजनाभ नाम यथार्थ किया। इस तरह लौकिक लोकोत्तर शास्त्र क विरुद्ध देव क्या करते हैं? योग मंत्र आदि के प्रभाव से क्या होता है? सब अपने कर्मों से होता है इत्यादि मूढ जनों का वचन प्रमाणिक नहीं मानना चाहिए।

श्री अर्हद् अभिषेक सर्वप्रथम वादि-वेताल श्री शान्तिसूरिवरजी म. सा. द्वारा रचना हुई (मालवा में महाराजा भोज की सभा में श्री शान्तिसूरिवरजी ने भिन्न-भिन्न मतधारी 84 वारीओं को जीतने से महाराजा भोज ने उन्हें वादि-वेताल बिरूद अर्पण किया था।) उनके बाद कई आचार्यो ने भिन्न-भिन्न नाम से बहुत सारी अभिषेक विधिओं की रचना की जिसमें "चक्रे देवेन्द्रराजैः" यह काव्य बोलते हुए 108 बार अभिषेक करने की विधि अति प्राचीन है। यह

अष्टोतरशत अभिषेक के अनुसरण रूप लगभग सोलहवीं सदी में किसी ने अष्टोतरी स्नात्र की रचना की उसके बाद सत्रहवीं सदी में श्री सकलचंद्र गणि ने शान्ति स्नात्र नाम से प्रसिद्ध एक अभिषेक विधि का निर्माण किया जो विशेष प्रसिद्ध में आया। वर्तमान में पूज्य वीर विजयजी म.सा.कृतस्नात्र पूजा जो प्रायः सभी श्वेताम्बर जैन मंदिरों में प्रतिदिन करायी जाती है।

शक्र देवेन्द्र देवराज वरूण महाराज की आज्ञा में वरूणकायिक, वरूण देवकायिक, नागकुमार, नागकु ममारियाँ, उदधिकुमार-कुमारियाँ, स्तनित कुमार-कुमारियाँ और दूसरे भी उस प्रकार के देव-देवियाँ वृष्टि करने वाले देव-असुर और नागकुमार हैं। ऐसा जिन आगम में कहा गया है।

रेवती नक्षत्र पर सूर्य आने से वसन्त ऋतु में बड़े उत्साहपूर्वक पुण्यपात्र जिन स्नात्र करना चाहिये। साथ में देश दिक्पाल और नवग्रहों की पूजा करनी चाहिये, जितना समय आकाश में रेवती नक्षत्र का भोग सूर्य के साथ हो उतने दिन जिनार्चन करना ये जगत में वृष्टि और पुष्टि के लिये हैं। (जगद्गुरु श्री हीरसूरिश्वरजी म.सा. कृत 'मेघ महोदये')

स्नात्रमहोत्सव में परमात्मा के जन्म कल्याणक महोत्सव का वर्णन

अवधि-नाणे अवधि-नाणे, उपना जिनराज,
जगत जस परमाणुआ, विस्तर्या विश्व जंतु सुखकार;
मिथ्यात्व तारा निर्बळा, धर्म उदय परभात सुंदर;
माता पण आनंदिया, जागती धर्म विधान;
जाणंती जग - तिलक समो, होशे पुत्र प्रधान।

दुहा : -
शुभ लग्ने जिन जनमिया, नारकीमां सुख ज्योत,
सुख पाम्या त्रिभुवन जना, हुओ जगत उद्योत।

सांभळो कळश जिन - महोत्सवनो इहां,
छप्पन कमरी दिशि, विदिशी आवे तिहां,
माय सुत नमीय, आनंद अधिको धरे,
अष्ट संवर्त - वायुथी कचरो हरे।

वृष्टि गंधोदके, अष्टकुमरी करे, अष्ट कळशा भरी, अष्ट दर्पण करे,
अष्ट चामर धरे, अष्ट पंखा धरी, चार रक्षा करी, चार दिपक ग्रही।
घर करी केळनां, माय सुत लावती, करण शुचि कर्म, जळ कळशे न्हवरावती,
कुसुम पूजी, अलंकार पहेरावती, राखडी बांधी जइ, शयन पधरावती।
नमीय कहे माय! तुज बाळ लीलावती, मुरू रवि चंद्र लगे, जीवजो जगपति;
स्वामी गुण गावती, निज घेर जावती, तेणे समे इन्द्र सिंहासन कंपती।

जिन जनम्याजी, जिन वेळा जननी धरे;
तिण वेळाजी, इन्द्र सिंहासन थरहरे;
दाहिणोत्तरजी, जेता जिन जनमे यदा;
दिशि नायकजी, सोहम इशान बेहु तदा।

तदा चिंते इन्द्र मनमां, कोण अवसरे ए बन्यो;
जिन जन्म अवधिनाणे जाणी, हर्ष आनन्द उपन्यो;
सुघोष आदि घंटनादे, घोषणा सूरमें करे;
सवि देवी देवा जन्म महोत्सवे, आवजो सुरगिरिवरे।

अहीं घंटनाद करवो...

अेम सांभळीजी, सुरवर कोडी आवी मले;
जन्म महोत्सवजी, करवा मेरू पर चले;
सोहम पतिजी, बहु परिवारे आवीया;
माय जिननेजी, वांदी प्रभुने वधावीया।

प्रभुजीने चोखाथी वधाववा...

वधावी बोले हे रत्नकुक्षी ! धारिणि तुज सुततणो;
हुं शक्र सोहम नामे करशुं, जन्म महोत्सव अति घणो;
अेम कही जिन प्रतिबिम्ब स्थापी, पंच रूपे प्रभु ग्रही;
देव - देवी नाचे हर्ष साथे, सुरगिरि आव्या वही।

पूर्वली मेरू उपरजी, पांडुक वनमें चिहुं दिशे;
शिला उपरजी, सिंहासन मन उल्लसे;
तिहां बेसीजी, शक्रे जिन खोळे धर्या;
हरि त्रेसठजी, बीजा आवी मल्या।

मल्या चोसठ सुरपति तिहां, करे कळश जातिना;
मागधादि जळ तीर्थ औषधि, धूप वळी बहु भांतिना;
अच्युतपतिअे हुकम कीनो, सांभळो देवा सवे;
क्षीरजळधि गंगा नीर लावो, झटिति जिन महोत्सवे।

सुर सांभलीने संचर्या, मागध वरदामे चलिया;
पद्मद्रह गंगा आवे, निर्मळ जल कळशा भरावे।

तीरथ जळ औषधि लेता, वळी क्षीर समुद्रे जाता;
जळ कळशा बहुल भरावे, फूल चंगेरी थाळा लावे।

सिंहासन चामर धारी, धूप धाणा रकेबी सारी;
सिध्धांते भाख्या जेह, उपकरण मिलावे तेह।

ते देवा सुरगिरि आवे, प्रभु देखी आनन्द पावे;
कळशादिक सहुं तिहां ठावे, भक्ते प्रभुना गुण गावे।

आतम भक्ति मल्या केइ देवा, केता मित्त नु जाइ;
नारी प्रेर्या वळी निज कुळवट, धर्मी धर्म सखाइ।

जोइस व्यन्तर भुवनपतिना, वैमानिक सुर आवे;
अच्युतपति हुकम करी कळशा, अरिहाने नवरावे।
अडजाति कळशा प्रत्येके, आठ आठ सहस प्रमाणो;
चउसठ सहस हुवा अभिषेके, अढीसें गुणा करी जाणो;
साठ लाख उपर एक कोडी, कळशानो अधिकार;
बांसठ इन्द्र तणां तिहां बासठ, लोकपालना चार।

चन्द्रनी पंक्ति छासठ, छासठ रवि श्रेणि नरलोको;
गुरूस्थानक सुरकेरो एक ज, सामानिकनो एको;
सोहमपति इशानपतिनी, इन्द्राणीना सोळ;
असुरनी दश इन्द्राणी नागनी, बार करे कल्लोल।

ज्योतिष व्यन्तर इन्द्रनी चउ चउ, पर्षदा त्रणनो अेको;
कटकपति रक्षक केरो, एक एक सुविवेको;
परचुरण सुरनो एक छेल्लो, ए अढीसें अभिषको;
इशान इन्द्र कहे मुज आपो, प्रभुने क्षण अतिरेको।

तव तस खोळे ठवी अरिहाने, सोहमपति मनरंगे;
ऋषभ रूप करी शृंग जळ भरी, न्हवण करे प्रभु अंगे;
पुष्पादिक पूजीने छांटे, करी केशर रंगरोले;
मंगल दीवो आरती करतां, सुरवर जय - जय बोले।

भेरी भूंगळ ताल बजावत, वळिया जिन कर धारी;
जननी घर माताने सोंपी, एणे परे वचन उच्चारी;
पुत्र तुमारो स्वामी हमारो, अम सेवक आधार;
पंच धाइ रंभादिक थापी, प्रभु खेलावण हार।

बत्रीस क्रोडी कनक मणि माणिक, वस्त्रनी वृष्टि करावे;
पूरण हर्ष करेवा कारण, द्वीप नंदीसर जावे;
करी अट्ठाइ उत्सव देवा, निज निज कल्प सिधावे;
दिक्षा केवल ने अभिलाषे, नित नित जिन गुण गावे।

इन्द्रादिक द्वारा भगवान का जन्माभिषेक

तीर्थंकर महाराजा के जन्म अभिषेक में एक कोटि साठ लाख कलशों का उपयोग है जो इस तरह हैं-
कलश आठ प्रकार के होते हैं : (1) सुवर्णमय, (2) रजतमय, (3) रत्नमय, (4) स्वर्णरूप्यमय, (5) स्वर्णरत्नमय, (6) रूप्यरत्नमय, (7) स्वर्णरत्नमय, (8) मृन्मय-मिट्टी के
प्रत्येक के आठ हजार कलश होते हैं।

प्रत्येक कलश का माप–25 योजन ऊँचा, 12 योजन चौड़ा तथा 1 योजन के नालवाला होता है। एक अभिषेक में 64 हजार कलश रहते हैं।
कुल 250 अभिषेक होते हैं, जो इस प्रकार हैं...()

10 अभिषेक बारह वैमानिक देवों के इन्द्रों के
20 अभिषेक भुवनपति के इन्द्रों के
32 अभिषेक व्यन्तर के 32 इन्द्रों के
66 अभिषेक अढीद्वीप के सूर्य के
66 अभिषेक अढीद्वीप के चन्द्रों के
8 अभिषेक सौधर्मेन्द्र की आठ अग्रमहिषी के
8 अभिषेक इशानेन्द्र की आठ अग्रमहिषी के
5 अभिषेक चमरेन्द्र की पाँच अग्रमहिषी के
5 अभिषेक बलीन्द्र की पाँच अग्रमहिषी के
6 अभिषेक धरणेन्द्र की पटरानी के
6 अभिषेक भूतानंद की पटरानी के

4 अभिषेक व्यन्तर की चार अग्रमहिषी के
4 अभिषेक ज्योतिषी के चार अग्रमहिषी के
4 अभिषेक चार लोकपाल के
1 अभिषेक अंगरक्षक देव के
1 अभिषेक सामानिक देव का
1 अभिषेक कटकाधिष देव का
1 अभिषेक त्रायत्रिंशक देव का
1 अभिषेक प्रजास्थानीय देव का
1 आखरी अभिषेक परचुरन देवों का
इस प्रकार 250 अभिषेक हुए।

श्रीमत् पुण्यं पवित्रं कृतविपुलफलं मंगलं लक्ष्म लक्ष्मयाः,
क्षुण्णारिष्टोपसर्ग्ग-ग्रहगति-विकृति-स्वप्नमुत्पात-घाति।
संकेलः कौतुकानां सकलसुख-मुखं पर्व्व सर्वोत्सवानाम्,
स्नात्रं पात्रं गुणानां गुरुगरिमगुरोर्वञ्चिता यैर्न दष्टम्।

भावार्थ : श्रेष्ठ गुरु गौरव-पूजा-सत्कार प्राप्त करनारे, चक्रवर्ती, इन्द्र, गणधर इत्यादि के भी गुरु महान से महान अर्हत् जिनेश्वर परमात्मा का गुण पात्र स्नात्र, कि जो श्रीमत है, पुण्य के हेतु रूप है, पवित्र पावनकारी है, विपुल फलदायक है, मंगलरूप है, इष्ट अर्थ का संपादक है, लक्ष्मी का चिन्ह है, अरिष्ट-अशुभ, उपसर्ग, ग्रहों की गति से उत्पन्न विकृतियों, शारीरिक पीड़ा, विकृत अशुभ स्वप्नों का नाशक, अनिष्ट सुचक उत्पात-ग्रहोपराग, धरती-पन इत्यादि को रोकने वाले, कौतुकों के संकेत रूप हैं। सकल सुखों के मुखरूप-उपायरूप हैं। सर्व उत्सवों के पर्वरूप-उत्सवरूप हैं तथा सर्व उत्सव में प्रधान-श्रेष्ठ है। वह स्नात्र जिन्होंने देखा नहीं, वंचित रहे वह आँखे प्राप्त होते हुए उसका सद्उपयोग नहीं कर सके, फल-लाभ प्राप्त नहीं कर सके।

रूपं वयः परिकरः प्रभुता पटुत्वं पान्डित्यमित्यतिशयश्च कला-कलापे।
तज्जन्म ते च विभवा भवमर्हतस्य स्नात्रे व्रजन्ति विनियोगमिहार्हतो ये।

भावार्थ : जन्म-जरा-मरण का विनाश करने वाली अर्हत् के स्नात्र के विनियोग में उपयोग में आए वह रूप, वय, परिकर-परिवार, प्रभुता, पटुत्व, चतुराई-दक्षता, पान्डित्य, गीत-नृत्य इत्यादि कला समूह का विशिष्ठ अभ्यास तथा वह जन्म-द्रव्य सार्थक कहलाते हैं।

छत्रं चामरमुज्जवलाः सुमनसो गन्धाः सतीर्थोदका, नानालंकृतयों वलिर्द्धि पयः सर्प्पी पि भद्रासनम्। नान्दी-मंगलगीत-नृत्यविधयः सत्स्तोत्रमन्त्रध्वनिः, पक्कवान्नानि फलानि पूर्ण्णकलशाः स्नात्रांगमित्यादि सत्।

भावार्थः छत्र, चामर, उज्ज्वल पुष्प, सुगंधी पदार्थ, कुंकुम, चंदन इत्यादि पदार्थ, दही, दूध, घी, भद्रासन (स्नात्रपीठ), नांदी (झंझा इत्यादि मंगलवाजिंत्र), मंगल गीत-मंगल पंचक-मंगलमय पंचकाव्य इत्यादि, विविध प्रकार के फल, जल-दूध गन्ने का रस आदि से भरे हुए कलश जो भी उत्तम है वह स्नात्र के अंगरूप ग्रहण करना चाहिये।

सुरासुर-नरोरग-त्रिदशवर्त्मचारिप्रभु-प्रभूतसुखसंपदः समनुभूय भूयो जनाः।
जितस्मरपराक्रमाः क्रमकृताभिषेका विभो-र्विलंध्य यमशासनं शिवमनन्तमध्यासते।।

भावार्थः कामदेव के पराक्रम को जीतने वाले जो कोई विभु तीर्थंकर परमात्मा का क्रम से अभिषेक करते हैं वह यम के शासन को परोजित करते हैं तथा सुर, असुर, मनुष्य, नागलोक और आकाशमार्ग से गमन करने वाले विद्याधरों के स्वामियों की विशाल श्रेष्ठ समृद्धियों का उपयोग करके अनन्त सुखमय अनन्त शिव में निवास करते हैं।

अशेषभुवनान्तराश्रितसमाजखेदक्षमौ, न चापि रमणीयता मतिशयीत तस्यापरः।
प्रदेश इह मानतो निखिललोक-साधारणः, सुमेरूरिति तायिनः स्नपनपीठभावं गतः।।

भावार्थः इस जगत के मान प्रमाण में समस्त लोक में साधारण ऐसा कोई दूसरा प्रदेश नहीं है। तीनों भुवन के समूह के खेद को दूर करने में समर्थ अन्य प्रदेश नहीं है, और सुन्दरता में अधिक ऐसा कोई प्रदेश नहीं है। इसलिये सकल लोक

के पालक भगवान की स्नात्र पीठ के रूप में स्थापित हुआ है।
नरकान्ते! तथा नारी-कान्ते! रूप्ये परितोषरसातिरेकम्।
कुर्युः कुतूहलं (च) लोत्कलिकाऽऽकुलत्वं, देवा मुहूर्तमपि सोढु-मपारयन्त।

भावार्थः उत्कृष्ट उत्पन्न भक्ति भाव से सभर मन के भाव, आनन्द रस का अतिरेक, तथा कुतूहल से प्रबल तालवंत आकुलता इन सबके कारण मुहूर्त मात्र भी विलंब सहन करने में असमर्थ देवता भी जिन अभिषक करते हैं। तात्पर्य सकल सत्वों पर उपकार करने में असाधारण दक्ष निष्कारण बंधु ऐसे जिनेश्वर भगवान के जन्म से उत्पन्न आनन्द को व्यक्त करने के लिये देवता भी उनका अभिषेक करते हैं।

रक्षार्थमाहितविरोध-निरोधहेतो-र्लोकत्रयाधिकविभुत्व-विभावनाय।
कल्याणपञ्चकनिबद्ध-सुरावतार-संवित्तये च जिनजन्मदिनाभिषकम्।।

भावार्थः रक्षा के लिये, उपस्थित हुए विरोध को रोकने के लिये और तीनों लोक में उनका विभुत्व विख्यात करने के लिये तथा पाँच कल्याणक च्यवन, जन्म, दीक्षा, केवलज्ञान और निर्वाण प्रसंग पर उपस्थित देवों के आगमन को बताने के लिये जिनेश्वर का जन्म दिवस पर अभिषेक करते हैं।

यो जन्मकाले कनकाद्रि-शृंगे यश्चादिदेवस्य नृपाधिराज्ये।
भूमण्डले भक्तिभरावनम्रैः सुरासुरेन्द्रैर्विहितो अभिषेकः।

भावार्थः जो अभिषेक भगवान के जन्म समय पर कनकाद्रि (सुवर्णगिरि-मेरूपर्वत) के शिखर पर और आदिदेव ऋषभदेव के राजाधिराज्य प्रसंग के वक्त भूमण्डल पर भक्ति-भाव से सभर सुरेन्द्रों ने अभिषेक किया।

ततः प्रभूत्येव कृतानकारं, प्रत्यादृतैः पुण्यफल प्रयुक्तैः।
श्रितो मनुष्यैरपि बुद्धिमद्भिः, महाजनो येन गतः स पन्थाः।।

भावार्थः तब से लेकर आज तक जन्म, समय और राज्य अरोहण समय से प्रारंभ कर, करने वालों का अनुकरण करने में आदर वाले, पुण्य फल से प्रेरित सद्बुद्धिवाले मनुष्यों ने भी इसका अनुकरण किया है। क्योंकि महाजनों ने जो मार्ग अपनाया वह मार्ग तात्पर्य देवों ने अभिषेक किया इसीलिये हमारे द्वारा भी यथाशक्ति प्रयास हो।

स्नात्र : अर्थात् प्रभुजी का जन्माभिषेक, जैसा कि मेरू पर्वत पर इन्द्र-इन्द्राणी मनाते हैं। उल्हास और उमंग से स्नात्र पढ़ाने से कर्मों का क्षय होता है और उत्तम पुण्य का उपार्जन होता है।

अभिषेक के प्रभाव

मुगल सम्राट अकबर बादशाह द्वारा स्नात्र पूजा करना :- अकबर बादशाह के बड़े पुत्र जहाँगीर के यहाँ पुत्री के जन्म हुआ। ज्योतिषियों ने बालिका का जन्म मूल नक्षत्र में होने से पिता के लिए कष्टदायक होना बताया। बादशाह ने जैन गुरु भानुचन्द्रविजयजी जो जगद्गुरु हीरसूरि के शिष्य थे तथा दूसरे जैन विद्यवान मुनि श्री मानसिंह जो जैनाचार्य श्री जिनचन्द्रसूरि के शिष्य थे, उनसे पूछा कि कष्ट निवार्णार्थ क्या किया जाय? जैन गुरुओं ने फरमाया कि जैन मंदिर में स्नात्र पूजा कराई जाय तो कष्ट दूर हो सकता है। महोत्सव बड़े ही ठाठ-बाट के साथ प्रारंभ हुआ। सम्राट अकबर अपने पुत्र जहाँगीर व अन्य दरबारियों के साथ उपस्थित हुआ। मुनि भानुचन्द्र व मुनि मानसिंह ने स्नात्र विधि सम्पन्न कराई। मुनि भानुचन्द्रविजयजी ने स्वयं भक्तामर महास्तोत्र का पाठ किया सम्राट अकबर व पुत्र जहांगीर ने खड़े रहकर संपूर्ण स्नात्र पूजा विधि की। सुवर्ण पात्र से दोनों ने स्नात्र जल ग्रहण किया। फिर सम्राट व युवराज के सुख शान्ति में निरंतर वृद्धि हुई।

बाहुराजा का कोढ सूरजकुंड के नव्हण जल से दूर हुआ था।

सूरजकुंड के पवित्र जल से चंदराजा कुकूट से फिर मानव बन गया।
गजपद कुंड का जल अत्यंत पवित्र माना जाता है, जिसके जल से दुर्गंधा नारी ने अपने शरीर की दुर्गंध दूर की।

जब, ऐसे तीर्थजल के पवित्र पानी मात्र से इतना प्रभाव अनुभव में आता हो तब वही जल करूणा के सागर-वात्सल्य से परमात्मा का स्पर्श पाया हुआ जल कितना प्रभावशाली बन जाता होगा उसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है। औषध मिश्रित मंत्रोच्चारपूर्वक परमात्मा को स्पर्श किया हुआ जल अचिन्त्यशक्ति युक्त विशेष प्रभावशाली बन जाता है उसमें कोई शंका नहीं। इस प्रकार के जल से निश्चित रूप से सभी प्रकार के इति-उपद्रव-मारी-मरकी-रोग-शोक -भय-दीनता-दारिद्रता-पर विद्या का दुष्प्रभाव-ग्रहों का दुष्प्रभाव दूर हो जाता है और जीवन में सुख-शान्ति एवं समृद्धि की प्राप्ति होती है।

स्नात्र जल के छिंटकाव से जादव की जरा दूर हुई।

स्नात्र जल के प्रभाव से ही श्रीपाल राजा का कोढ़ रोग दूर हुआ साथ में रहे हुए सात सौ कोढ़ियों का कोढ़ रोग दूर हुआ।
और काया निरोगी कंचन जैसी बन गयी। इतिहास के पन्नों पर ऐसे कई किस्से मौजूद हैं।

नवांगी टीकाकार प.पू.आचार्यदेव श्री अभयदेवसूरि म.सा. का कोढ़ रोग अभिषेक जल से ही दूर हुआ था।

प्रहलाद राजा का दाह रोग इसी तरह अभिषेक जल से ही दूर हुआ था।

हजारों गाँवों में, नगरों में भूत-प्रेत उपद्रव आदि में उपद्रव शान्ति अभिषेक जल की शान्तिधारा से ही हुई है।

सोलहवें तीर्थंकर श्री शान्तिनाथ भगवान जब माता अचिरादेवी के गर्भ में थे तब नगरं मरकी रोग फैला उसके निवारण हेतु अचिरा माता के स्नात्र जल का छिड़काव पूरे नगर में किया गया और फलस्वरूप पूरा नगर रोग मुक्त हुआ। श्री संघाँ में आज वह विधान रूप में प्रस्थापित है। जब कहीं भी स्नात्रपूजा होती है तब समग्र अभिषेक जल को विधिपूर्वक एक उवस्सगहँ एवं बृहद् शान्ति स्तोत्र

के पाठ के उच्चारपूर्वक भरने का विधान प्रचलित है। उसे भरते समय विशेष समृद्ध करने के लिए हरी घास में से पसार करना चाहिये। इस अभिषेक जल के छिड़काव से सभी प्रकार के उपद्रव नष्ट होते हैं।

वीर संवत् 1956 की बात है, समग्र भाव नगर शहर में कोलेरा रोग फैला हुआ था। सभी नगर जनों की आशा जैन शासन के आर्हत् धर्म पर हुई। उस वक्त वहां पर प.पू. पन्यास श्री गंभीरविजयजी म.सा. वहां विराजमान थे। उन्होंने उपद्रव निवारण हेतु संकल्प सहित परमात्मा का स्नात्र महोत्सव का आयोजन करना तय किया। वैशाख बीदि छट्ठ के दिन विधिपूर्वक स्नात्र के लिये जल लाया गया, वैशाख बिदि बारस के दिन बड़े ही ठाठ से परमात्मा का स्नात्र महोत्सव हुआ। कार्य भी जन हित का था, पूजा में असीम उत्साह था। बड़े उत्साहपूर्वक वरघोड़ा निकाला गया पूरे नगर के चारों और स्नात्र जल का छिडकाव किया गया इस जल धारा के प्रभाव से व्याधि की शान्ति होती गयी चंद दिनों में ही भाव नगर शहर रोग से मुक्त हो गया। (श्री जैन धर्म प्रकाश अंक-3 संवत् 1956, पाठशाला ग्रंथ प.पू.आचार्य श्री पद्युमनसूरिजी म.सा.)

वि.संवत 2041-42-43 के भयंकर दुष्काल से गुजरात, सौराष्ट्र और कच्छ ग्रसित थे नदी, तालाब आदि सूखे पड़े हुए थे, सबको बरसात का ही इंतजार था। इस परिस्थिति के उपायरूप पुन्योद की जागृति के लिये प.पू. आचार्य भगवत् श्री प्रद्युमनसूरिजी म.सा. ने श्री शत्रुंजय तीर्थाधिपति श्री आदिनाथ दादा के अभिषेक का विचार किया और आगमप्रज्ञ प.पू.मुनिराज श्री जंबूविजयजी म. सा. के साथ चर्चा कर अभिषेक के लिए विधान की तैयारियाँ की।

सभी प्रकार के उत्तम द्रव्य विपुल प्रमाण में मँगवाये गये। अंबर, कस्तूरी जैसे दुर्लभ कीमती द्रव्यों सुगंधी द्रव्य, केसुडा के फूल, अगरू काष्ट इत्यादि तथा गजपद कुंड, विविध नदियों के जल इत्यादि सामग्री मंगवायी गयी। उत्साह और उल्लसित वातावरण में मंगलबेला में प्रभुजी का अभिषेक प्रारंभ हुआ। चतुर्थ मंगलमुत्तिका स्नात्र में जिन प्रतिमा को लेप हेतु मृत्तिके के प्रवाही लेप द्वारा हल्के हाथों से मर्दन करके विलेपन किया, विलेपन का पूर्ण असर बिंब को पहुँचे

इसलिये विलेपन थोड़ीदेर ऐसे ही रहने दिया। मंगलमृत्तिका के बाद पंचगव्य और क्रमशः अभिषेक धारा आगे बढ़ते हुए सातवाँ अभिषेक शुरू हुआ सभी के आश्चर्य के बीच आकाश में बड़े-बड़े काले बादल छाने लगे, कुछ ही देर में पूरा आकाश काले बादलों से भर गया। रीबि छींटें पड़ने शुरू हो गये, थोड़ी ही देर में बिजली के चमकार और बादलों की गर्जना के साथ ही जोरों की बरसात शुरू हो गई। 18 अभिषेक पूर्ण करके नीचे उतरते समय देखा कि ऊपर चढ़ते समय जो इच्छाकुंड, कुमारकुंड इत्यादि जो कि बिल्कुल शुष्क दिख रहे थे वह न सिर्फ भर गये थे बल्कि बह ते हुए नजर आने लगे। उसी दिन शाम को फिर से जोरों की बारिश हुई और संपूर्ण गुजरात, सौराष्ट्र, कच्छ आदि स्थानों पर भी अच्छी बारिश के समाचार प्राप्त हुए। यह चमत्कार था श्रद्धा, भक्ति, और संकल्प सहित किया हुआ अभिषेक!

प्राणी मात्र के जीवन पर ग्रहों का प्रभाव सुविदित है और तीर्थंकर भगवंत के चरणों में इन्द्रादिक का स्थान न होकर सिर्फ नवग्रहों को ही स्थान प्राप्त है यह भी सोचनीय बात है।

जब औषधी मिश्रित जल अभिषेक सतत छः महीने तक करने से असाध्य रोग भी ठीक होने का आश्चर्यकारी परिणाम देखने में आया है।

इस साल मानव भूषण महातपस्वी परम पूज्य आचार्य देव श्री नवरत्नसागरसूरि म.सा. के नवम् शिष्यरत्न आजीवन छः विगय के त्यागी तपस्वी पूज्य मुनिराज श्री जिनेशरत्नसागरजी म.सा.एवं सरल स्वभावी पू. मुनिराज श्री विरेशरत्नसागरजी म.सा. का चार्तुमास जयपुर के श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मालवीय नगर में जब से शुरू हुआ जब से आज तक लगातार भगवान का दूध से अभिषेक जारी है, 9-27 एवं 108 लीटर दूध द्वारा परमात्मा का अभिषेक और 1008 पुष्पों से जाप हो रहे हैं। प्रत्येक अभिषेक में लोगों को सुखद अनुभव हो रहे हैं। लगातार 72 दिन तक मालवीय नगर श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ में अभिषेक होने के बाद लोगों का उत्साह बढ़ता गया और अभिषेक दायरा बढ़ता गया और जयपुर के विविध मंदिरों में अभिषेक होने लगे। श्री महावीर

स्वामी मंदिर, टोंक फाटक, श्री संभवनाथ मंदिर, न्यू लाइट कॉलोनी, श्री वासुपूज्य मंदिर, मालवीय नगर, श्री नाकोडा मंदिर, प्राकृत भरती, श्री आदिनाथ आग्रा वाला मंदिर जौहरी बाझार एवं श्री महावीर स्वामी मुलतान मंदिर तथा श्री आदिनाथ भगवान बरखेडा तीर्थ, श्री देराउर पार्श्वनाथ जयपुर इत्यादि मंदिरों में अभिषेक होते रहे।

अभिषेक द्वारा परमात्मा भक्ति और परमात्मा का सानिध्य, परमात्मा का स्पर्श और विशेष बात यह है कि सरल प्रक्रिया द्वारा प्रभु भक्ति का यह विधान बच्चे से लेकर वृद्धों तक को आनन्द दे गया और इसके आनन्द दायक परिणाम का भी लोगों ने अनुभव किया।

अभिषेक विधि

अभिषेक विधि में उपयोगी सामग्री की शुद्धि सुरीमंत्र-वर्धमान विद्या मंत्र अथवा तीन बार नवकार के स्मरण करके वासक्षेप द्वारा करनी है।

जल शुध्धि : ॐ ह्रीं भः जलधिनदी द्रहकुन्डेषु यानि तीर्थोदकानि शुध्धति तेर्मन्त्र संस्कृतरिह बिम्बं स्नपयामि शुध्यर्थम् स्वाहा।

आपा अप्काया एकेन्द्रियाः जीवाः निरवद्यार्हत्पूजायां निव्यर्थाः सन्तुनिरपायाः सन्तु सद्गतयः सन्तु मे नस्तू संघट्टन हिंसापापमर्हदचने स्वाहा।

सर्वोषधि मन्त्र : ॐ ह्रीं सर्वोषधि संयुक्ता सुगन्धया घर्षितं सुगतिहेतोः स्नपयामि जैनबिम्बं मन्त्रिण तन्नीर निवहेन स्वाहा।

पुष्प फल आदि : ॐ वनस्पतिकाया एकेद्रियाः जीवाः निरविद्यार्हत् पूजायां निव्यर्थाः सन्तु निरपायाः सन्तु सद्गतयः सन्तु न मेऽस्तु संघट्टन हिंसाऽपापमर्हद्र्चने स्वाहा।
कलश अधिवासन

ॐ ह्रीं श्रीं धृति कीर्ति बुध्धि लक्ष्मी शान्ति तुष्टि पुष्टयः एतेषु नवकलेषु कृताधिवासा भवन्तु भवन्तु स्वाहा।

कलश में जल अथवा दूध भरते हुए।
ॐ क्षाँ क्षीं क्षीरसमुद्रोद्भवानि क्षीरोदकान्येषु स्नात्र कलशेष्व वतरन्त्वत्वरन्तु संवौषट्।

परमात्मा स्तुति

नमो अरिहंताणं।
नमो सिध्धाणं।
नमो आयरियाणं।
नमो उवज्झायाणं।
नमो लोए सव्व साहूणं।
एसो पंच नमुक्कारो, सव्व पाव्वपणासणो;
मंगला णं च सव्वेसिं, पढमं हवइ मंगलं।
चत्तारि मंगलं, अरिहंता मंगलं, सिध्धा मंगलं, साहू मंगलं, केवली पन्नत्तं मंगलं।
चत्तारि लागुत्तमा, अरिहंता लोगुत्तमा, सिध्ध लोगुत्तमा, साहू लोगुत्तमा, केवर्ल पन्नत्तो धम्मो लोगुत्तमो।
चत्तारि शरणं पवज्जामि, अरिहंते शरणं पवज्जामि, सिध्धे शरणं पवज्जामि, केवली पन्नतं शरणं पवज्जामि।

आदिमं पृथ्वी नाथं मादिमं निष्परिग्रहम्। आदिमं तीर्थ नाथं च ऋषभस्वामिनं स्तुमः।

श्रीमते शान्ति नाथाय नमः शान्तिविधायिने-त्रैलोक्यस्यामराधीश-मुकुटाभ्यःर्चितांघ्रये।

या शान्ति : शान्तिजिने, गर्भगतेऽथाजनिष्ट वा जाते। सा शान्तिरत्रभूयात् सर्वसुखोत्पादनाहेतुः।

जगन्महा-मोहनिद्रा- प्रत्युष-समयोपमम् । मुनिसुव्रतनाथस्य, देशनावचनं स्तुमः ।

कमठे धरणेन्द्रे च स्वोचितं कर्म कुर्वति, प्रभुस्तुल्यमनोवृतिः पार्श्वनाथ श्रियेस्तुवः ।

श्रीमते वीरनाथाय सनाथायाद्भुतश्रियाः महानन्दसरोराज मरालायार्हते नमः ।

सर्वारिष्ट-प्रणाशाय सर्वाभिष्टार्थदायिने, सर्व लब्धिनिधानाय श्री गौतमस्वामिने नमः ।

अंगुठे अमृत वसे लब्धितणां भण्डार। श्री गुरू गौतम समरिये वांछित फल दातार।

अर्हन्तो भगवन्त इन्द्र महिताः सिध्धाश्च सिध्धि स्थिता,
आचार्या जिन शासनोन्नत्तिकरा, पूज्या उपाध्याया;
श्री सिध्धान्त सुपाठकाः मुनिवरा रत्नत्रयाराधकाः,
पंचै ते परमेष्ठिनं प्रति दिनं कुर्वन्तु वो मंगलं।

मंगलं भगवान वीरो, मंगलं गौतम प्रभु;
मंगलं स्थूलिभद्रद्या, जैनो धर्मोस्तु मंगलं।

ॐ नमो जिणाणं शरणाणं मंगलाणं लोगुत्तमाणं ह्राँ ह्रीं ह्रूँ ह्रैं ह्रौं ह्रः असिआउसा त्रैलोक्यललामभूताय क्षुद्रोपद्रव शमनाय अर्हते नमः स्वाहा।

श्री वज्रपंजर स्तोत्रम्

ॐ परमेष्ठि नमस्कारं, सारं नव पदात्मकम्; आत्मरक्षाकरं वज्रपन्जराभं स्मराम्यहम्।
ॐ नमो अरिहंताणं, शिरस्कं शिरसि स्थितम्।
ॐ नमो सव्वसिद्धाणं, मुखे मुखपटं वरम्।
ॐ नमो आयरियाणं, अंगरक्षातिशायिनि।
ॐ नमो उवज्झायाणं, आयुधं हस्तयोर्दढम्।
ॐ नमो लोए सव्वसाहूणं, मोचके पादयोः शुभे।
एसो पंच नमुक्कारो, शिला वज्रमयी तले।
सव्वपावप्पणासणो, वप्रो वज्रमयो बहिः।
मंगला णं च सव्वेसिं, खादिरांगारखातिका।
स्वाहन्तं च पदं ज्ञेयं पढमं हवइ मंगलं।
वप्रोपरि वज्रमयं, पिधानं देह रक्षणे।
महाप्रभावा रक्षेयं, क्षुद्रोपद्रव नाशिनी।
परमेष्ठि पदोद्भूता, कथिता पूर्वसूरिभिः।
यश्चैवं कुरूते रक्षां, परमेष्ठि पदैः सदा। तस्य न स्याद् भयं व्याधि, राधिश्चापि कदाचन।

क्षि प ॐ स्वा हा ।

आव्हानः ॐ आँ क्रौं ह्रीं श्रीं अर्हन् भगवन्! श्री शान्तिनाथाय ह्रीं गरूड यक्ष-निर्वाणी देवी सहिताय अत्र श्री महा -मस्त्काभिषेक महोत्सवे श्री शान्तिनाथ तीर्थ मंडपे आगच्छ आगच्छ।। संवौषट् ।।
स्थापनाः ------ तिष्ठ तिष्ठ ठः ठः।
संनिधानः ------ मम सन्निहितो भव भव वषट्।
संन्निरोधः -------महोत्सवानन्त पर्यन्त यावद् अत्रैव स्थातव्य।
अवगुंठनः -------परेषाम् दिक्षितानामदृश्यो भव भव।

प्रतिमा स्थापन : ॐ अत्र क्षेत्रे अत्र काले नामार्हन्तो रूपार्हन्तो द्रव्यार्हन्तो भावार्हन्तः समागताः सुस्थिताः सुनिष्ठिताः सुप्रतिष्ठाः सन्तु स्वाहा।
नवगृहों की सीापना करनी

संकल्प

ओमिति नमो भगवओ अरिहंतसिध्धायरिय-उवज्झाय।
वर सव्वसाहू मुणि संघ धम्मतित्थ पवयणस्स।
सप्पणव नमो तह भगवई सुहदेवयाए सुहयाइ।
सिवसंति देवयाए सिव पवयण देवयाणं च।
इन्दागणि जम नेरईय वरूण कुबेर इशाणा।
बम्भो नागुत्ति दसण्ह मविय सुदिसाण पालाणं।
सोम यम वरूण वेसमण वासवाणं तहेव पंचण्हं।
तह लोगपालयाणं सुराइगहाण नव्हणं।
साहंतस्स समक्कं मज्झमिणं चेव धम्मणुठाणं।
सिध्धमविग्घं गच्छउ जिणाइ नवकारओ धणियं।

(हाथ में श्रीफल धारण करना)
विश्वातिशायि महिमा ज्वलत्तेजो विराजितम्,
शान्तिं शान्तिं करं स्तौमि दूरितव्रात शान्तये।
सोडष विद्या देव्यो ऽपि चतुःषष्ठि सुरेश्वराः,
ब्रह्मादयश्च सर्वेऽपि यं सेवन्ते कृतादराः।
ॐ ह्रीं श्रीं जये विजये ॐ अजये परैरपि,
ॐ तुष्टिं कुरू कुरू पुष्टिं कुरू कुरू शान्तिं महाजये।
न कूवापि व्याधयो देहे न ज्वरा न भगंदराः,
कास श्वासादयो नैव बाधन्ते शान्ति सेवनात।
यक्ष भूत पिशाचाद्या व्यन्तरा दुष्ट मुद्गलाः,
सर्वे शाम्यन्तु मे नाथ शान्तिनाथ सुसेवया।

ॐ नमो पार्श्वनाथाय विश्व चिंतामणियतेः,
ह्रीं धरणेन्द्र वैरोट्या पद्मावती युतायते।
शान्ति तुष्टि महापुष्टि धृति कीर्ति विद्यायिने,
ॐ ह्रीं दृढ व्याल वैताल सर्व व्याधि विनाशिने।
जयाऽजिताख्या विजयाख्या ऽपराजिता यान्वितः,
दिशांपालेः गृहेयक्षै विद्यादेवी भिरन्वितः।
ॐ असिआउसाय नमः तत्र त्रैलोकनाथतं,
चतुषष्टि सुरेन्द्रास्ते भासंते छत्र चामरे।
ॐ अरै तरू कामधेनुः चिंतामणि कामकुंभ माईयः
श्री पासनाह सेवा ग्राहणं सेवींहा संत।
ॐ ह्रीं ऐं अर्हं तुह दंसणेण शामिय पणासेइ रोगसोगदोहगं कप्पतरूमेवजाईयः
तुह दंसण अमफलहेउ स्वाहा।
श्री शंखेश्वरमंडन पार्श्वजिन प्रणतः
कल्पतरू कल्प, चुरय दुष्ट व्रातं पूरय मे वांछितं नाथः।

अथ श्री सिद्धचक्र दंडक

ॐ ह्रीं ब्रह्मरूचि ब्रह्मबीज भूताय परमार्हते नमोनमः।
ॐ पंचरूक्ह्रींकारस्थ श्री ऋषभादि जिन कदम्बाय नमोनमः।
ॐ धवल निर्मल मूलानाहत रूपाय त्रिकाल गोचरानन्त द्रव्य
-गुण पर्यायात्मक वस्तुपरिच्छेदक जिन प्रवचनाय नमोनमः।
श्री सिध्धचक्र मुलमन्त्राराध्य पदाधार रूपाय श्री संघाय नमोनमः।
ॐ अर्हद्भ्यो नमोनमः। ॐ सिध्धेभ्यो नमोनमः। ॐ सूरिभ्यो नमोनमः।
ॐ उपाध्यायेभ्यो नमोनमः। ॐ सर्वे साधूभ्यो नमोनमः।
ॐ सम्यक्दर्शनाय नमोनमः। ॐ सम्यक्ज्ञानाय नमोनमः।
ॐ सम्यक्चारित्राय नमोनमः। ॐ सम्यक्तपसे नमोनमः।
ॐ स्वरेभ्यो नमोनमः। ॐ वर्गेभ्यो नमोनमः।
ॐ सर्वाऽनाहतेभ्यो नमोनमः। ॐ सर्व लब्धिपदेभ्यो नमोनमः।
ॐ अष्टविधागुरू पादुकाभ्यो नमोनमः।

ॐ पुण्याहं पुण्याहं प्रियन्तां प्रियन्तां।
अर्हदादयो मयि प्रसन्ना भवन्तु भवन्तु।
श्री सिध्धचक्राधिष्ठायक देवा-देव्यो-नाग-यक्ष-गण-गन्धर्व
-वीर-ग्रह-लोकपालाश्च सानुकुला भवन्तु।
समस्त साधु साध्वी श्रावक श्राविकाणां राजाऽमात्य-पुरोहित-सामन्त-
-श्रेष्ठि सार्थवाह प्रभूति समग्र लोकानां च स्वस्ति-शिव-शान्ति-तुष्टि
-पुष्टि श्रेयः-समृध्धि वृध्धयो भवन्तु भ्वन्तु।
चोरारि मारि रोगोत्पानीति-दुर्भिक्ष-डमर-विग्रह-ग्रह-भूत-पिशाच-मुद्गल
-शाकिनी प्रभूति दोषाः प्रशाम्यन्तु।
राजा विजयी भवतु भवतु। प्रजा स्वास्थ्यं भवतु भवतु।
श्री संघो विजयी भवतु भवतु।
ॐ स्वाहा। ॐ स्वाहा। भूः स्वाहा। भूवः स्वाहा। स्वः स्वाहा।
ॐ भूर्भवः स्वः स्वाहा।

शिवमस्तु सर्वजगतः, परहितनिरता भवन्तु भूतगणाः।
दोषाः प्रयान्तु नाशं, सर्वत्र सुखीभवतु लोकः।।
खामेमि सव्व ज वे। सव्वे जीवा खमंतु में।।
मित्ती मे सव्वभूएसु। वेरं मज्झ न केणई।
तीन नवकार गिनके संकल्प श्रीफल परमात्का को समर्पित करना।

पुष्पाभिषेक मन्त्र : जल से आद्रित अन्जलि के अग्र भागमें रखकर मौन पूर्वक - ॐ नमोऽर्हद्भ्यः सिद्धेभ्यस्तीर्णेभ्यस्तारकेभ्यो बोधकेभ्यः सर्वजन्तु हितेभ्यः, इह कल्पनाबिम्बे भगवन्तोऽर्हतः सुप्रतिष्ठिताः सन्तु स्वाहा।
पुनः जल से आद्रित पुष्प लिए बोलना - स्वागतमस्तु सुस्थितिरस्तु सुप्रतिष्ठास्तु स्वाहा।
पुष्प प्रतिमा उपर चढाते हुए : अर्ध्यमस्तु पाद्यमस्तु आचमनीयमस्तु स्वाहा।

हे...अभिषेक धारा शिर पर वहेती, थाये आखी पावन धरती;
जीव अजीव ने जे शिव करती, सहुना मन वांछित पूरती।

हे...गाजे जगतमां जय जयकारा, विश्व मंगलनी अभिषेक धारा;
शिर पर थाये अभिषेक धारा, जाणे जग माटे करूणाधारा।

हे...महा प्रभावी औषधी लावे, मणि रत्नना चुर्ण मिलावे;
सोना रूपाना कळशो भरावे, प्रभुजीने अभिषेक करावे।

स्वस्ति स्वस्ति नमोस्तु ते भगवते, त्वं जीव जीव प्रभो।
भव्यानन्दन नन्द नन्द, भगवन्नर्हस्त्रीलोकीगुरो।
जैने स्नात्र विद्यो विद्युत कलुषे, विश्वत्रयी पावने।
प्राप्त स्नात्रमिदं शुभोदयकृतेऽस्माभिः समाराभ्यते।

पुण्याहं तदहः क्षणोऽयमनघः पुजास्पदं तत्पदं,
सर्वास्तीर्थभुवोऽपि ता जलभृतस्तद्वारि हारि प्रभो।
तेऽनर्घा घुसृणादिगन्धविधयः कौम्भास्तु कुत्भाश्च ते,
धन्या यान्ति कृतार्थतां जिनपतेः स्नात्रोपयोगेन ये।
कुम्भाः कान्चनरत्नराजतमयाः क्षीरोदनीरोदयाः,
भव्यैः स्नात्रकृते जिनस्य पुरतो राजन्ति राजीकृताः।
सार्वा स्वीयशुभर्द्धि संगममये मांगल्य कुम्भा इव,
गीतातोद्योरूनादैः सरभसममराब्ध नाट्य प्रबन्धे।

नाना तीर्थोदकुम्भै रजतमणिमयैः शातकुम्भैजिनः प्राक्,
मेरोः शृंगे यथैन्द्रैः सजयजयवैर्मज्जितो जन्मकाले।
कल्याणी भक्त यस्तं विद्यिवदिह तथा भाविनो मज्जन्तु,

जैने स्नात्र विद्यो विद्युतकलुषे विश्वत्रयी पावने,
क्षुद्रोपद्रवविद्रवप्रणयिनां घ्यातं त्वति प्राणिनाम्।
श्री संघे सुजने जने जनपदे धर्मक्रिया कर्मठे,
देवाः श्री जिनपक्षपोषपटवः कुर्वन्तु शान्तिं सदा।

जे जन्म समये मेरू गिरि नी स्वर्णरंगी टोंच पर,
लइ जइ तमोने देव ने दानव गणो भावे सभर;
क्रोडो कनक कलशों वडे करता महा-अभिषेक ने,
त्यारे तमोने जेमणे जोया हशे ते धन्य छे।

चक्रे देवेन्द्रराजैः सुरगिरिशिखरे योऽभिषेकः पयोभिः,
नृत्यन्तिभिः सुरीभिः ललितपदगमं तुर्यनादैः सुदीप्तैः।
कर्तुं तस्यानुकारं शिवसुखजनकं मन्त्रपूतैः सुकुम्भैः,
बिम्बं जैनं प्रतिष्ठाविधिवचनपरः स्नापयाम्यत्र काले।।

श्री 24 तीर्थंकर विद्या

ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं ऋं ऋषभाय नमः
ॐ ह्री श्रीं अर्हं नमो सिध्धाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो उवज्झायाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो जिणाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो परमोहि जिणाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं अणंतोहि जिणाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो अरिहंताणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो आयरियाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो लोए सव्वसाहूणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो ओहिजिणाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं सव्वोहि जिणाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं केवली जिणाणं,

ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं ॐ नमो भगवओ अरहओ उसभसामिस्स सिज्जउ मे भगवई महई महाविज्जा ॐ ह्रीं नमो भगवओ अरिहओ उसभसामिस्स आइतित्थगरस्स जस्सेअं जलं तं गच्छइ चक्खं सव्वट्ठ (सव्वत्थ) अपराजियं, आयाविणी, ओहाविणी, मोहिणी, थंभिणी, जंभणी, हिलि, हिलि, कालि कालि, धारणी, चोराणं, भंडाणं, भोइयाणं, अहिणं, दाढिणं, सिंगीणं, नहीणं, चोराणं, चारियाणं, वेरिणं, जक्खाणं, रक्खसाणं, भूयाणं, पिसयाणं, मुंहबंधणं, गइबंधणं, चक्खुबंधणं, दिट्ठिबंधणं करेमि सव्वट्ठ सिध्धे ॐ ह्रीं ठः ठः ठः स्वाहा।

ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं श्री अजितनाथाय नमः
ॐ ह्री श्रीं अर्हं नमो सिध्धाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो अरिहंताणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो आयरियाणं,

ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो उवज्झायाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो जिणाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो परमोहि जिणाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं अणंतोहि जिणाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो लोए सव्वसाहूणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो ओहिजिणाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं सव्वोहि जिणाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं केवली जिणाणं,

ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो भगवओ अजिय जिणस्स सिज्झउ मे भगवई महई महाविज्जा ॐ नमो भगवओ अरिहओ अजिए, अपराजिए, अणिहए, महाबले, लोगसारे सव्वट्ठ सिध्धे ॐ ह्रीं ठः ठः ठः स्वाहा।

ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं श्री संभवनाथाय नमः
ॐ ह्री श्रीं अर्हं नमो सिध्धाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो उवज्झायाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो जिणाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो परमोहि जिणाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं अणंतोहि जिणाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो अरिहंताणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो आयरियाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो लोए सव्वसाहूणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो ओहिजिणाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं सव्वोहि जिणाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं केवली जिणाणं,

ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो भगवओ अरिहओ संभवस्स सिज्झउ मे भगवई महई महाविज्जा ॐ नमो भगवओ अरिहओ संभवे, महासंभवे, अपराजियस्स, संभूए, महासंभावणे सव्वट्ठसिध्धे ॐ ह्रीं ठः ठः ठः स्वाहा।

ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं अभिनंदनस्वामिने नमः
ॐ ह्री श्रीं अर्हं नमो सिध्धाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो उवज्झायाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो जिणाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो परमोहि जिणाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं अणंतोहि जिणाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो अरिहंताणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो आयरियाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो लोए सव्वसाहूणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो ओहिजिणाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं सव्वोहि जिणाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं केवली जिणाणं,

ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो भगवओ अरहओ अभिनंदणस्स सिज्झउ मे भगवई महई महाविज्जा ॐ नमो भगवओ अरिहओ नंदणे, अभिनंदणे, सुनंदणे, महानंदणे सव्वट्ठ सिध्धे ॐ ह्रीं ठः ठः ठः स्वाहा।

ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं श्री सुमतिनाथाय नमः
ॐ ह्री श्रीं अर्हं नमो सिध्धाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो उवज्झायाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो जिणाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो परमोहि जिणाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं अणंतोहि जिणाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो अरिहंताणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो आयरियाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो लोए सव्वसाहूणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो ओहिजिणाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं सव्वोहि जिणाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं केवली जिणाणं,

ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो भगवओ अरहओ सुमइस्स सिज्झउ मे भगवई महई महाविज्जा ॐ नमो भगवओ अरिहओ सुमए, सुमई, सुमणे, सुमणसे, सुसुमणसे, सोमणसे सव्वट्ठ सिध्धे ॐ ह्रीं ठः ठः ठः स्वाहा।

ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं पद्मप्रभुस्वामिने नमः
ॐ ह्री श्रीं अर्हं नमो सिध्धाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो उवज्झायाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो जिणाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो परमोहि जिणाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं अणंतोहि जिणाणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो अरिहंताणं,
ॐ ह्रीं श्रीं अर्हं नमो आयरियाणं,
